**हेमवती नन्दन बहुगुणा गढ़वाल विश्वविद्यालय,**
**(केन्द्रीय विश्वविद्यालय)**
**श्रीनगर (गढ़वाल)**

**पत्रांक संः ग0वि0वि0 / नि0र0 / 2022 / 482** **दिनाँक : 14–03–2022**

हेमवती नन्दन बहुगुणा गढ़वाल विश्वविद्यालय के अन्तर्गत पौड़ी, श्रीनगर, चौरास, बादशाहीथौल टिहरी परिसर एवं अन्य स्थानों में सम्पादित किये जाने वाले विभिन्न सिविल अनुरक्षण, परिवर्तन / परिवर्धन, उद्यानिकी क्रियाकलापों इत्यादि कार्यों के सम्पादन हेतु विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित अर्हतायें पूर्ण करने वाले ठेकेदारों से पंजीकरण एवं पूर्व में पंजीकृत ठेकेदारों का पंजीयन नवीनीकरण हेतु दिनांक 15.05.2022 तक आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते हैं। पंजीकरण हेतु विवरण, आवेदक द्वारा किसी भी कार्य दिवस में अधिशासी अभियन्ता कार्यालय छात्र सुविधा केन्द्र, श्रीनगर से प्राप्त किया जा सकता है। निर्धारित तिथि के पश्चात प्राप्त होने वाले आवेदन पत्र स्वीकार नही किये जायेंगे।

कुलसचिव

हेमवती नन्दन बहुगुणा गढ़वाल विश्वविद्यालय, (केन्द्रीय विश्वविद्यालय) श्रीनगर (गढ़वाल)।

पत्रांक सं0 ग0वि0वि0 / नि0र0 / 2022 / 482 दिनाँक : 14 / 03 / 2022

विज्ञप्ति प्रारूप

विषयः– सामान्य वित्तीय नियम–सीमित निविदा के अन्तर्गत विभिन्न सिविल अनुरक्षण, परिवर्तन / परिवर्धन, उद्यानिकी कियाकलापों इत्यादि कार्यों के सम्पादन हेतु विश्वविद्यालय में ठेकेदारों का पंजीयन एवं पूर्व में पंजीकृत ठेकेदारों का पंजीयन नवीनीकरण।

हेमवती नन्दन बहुगुणा गढ़वाल विश्वविद्यालय, श्रीनगर (गढ़वाल) के पौड़ी, श्रीनगर–चौरास, बादशाहीथौल टिहरी एवं अन्य निर्दिष्ठ स्थलों में सामान्य वित्तीय नियम के अनुरूप सीमित निविदा के अन्तर्गत सम्पादित किये जाने वाले विभिन्न सिविल–अनुरक्षण तथा लघु कार्यों के सम्पादन हेतु **उत्तराखण्ड लोक निर्माण विभाग अथवा केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग के अन्तर्गत पंजीकृत ठेकेदारों अथवा विश्वविद्यालय अनुरक्षण अनुभाग में पूर्व से पंजीकृत ठेकेदारों** जिन्हें विभाग द्वारा ब्लैक लिस्टेड न किया गया हो तथा जो हैसियत विहीन, देयताधीन, दीवालिया व पागल न हों व किसी न्यायालय द्वारा उन्हें किसी अपराधिक कृत्य व संविधान के उल्लंघन में दण्डित नहीं किया गया हो अथवा अयोग्य घोषित न किया गया हो, से विश्वविद्यालय में सिविल / उद्यानिकी अनुरक्षण एवं लघु कार्यों हेतु ठेकेदार के रूप में पंजीकरण एवं पूर्व में पंजीकृत ठेकेदारों का पंजीयन नवीनीकरण हेतु **दि0 15.05.2022** तक, निर्धारित प्रपत्र **संलग्नक –'अ'** पर पंजीकृत डाक से आवेदन आमंत्रित किये जाते हैं।

**2**– आवेदन के साथ सौ रूपये के नॉन ज्यूडिशियल पेपर पर शपथ पत्र **संलग्नक–'ब'** में दिये गये विवरणानुसार प्रेषित किया जाना आवश्यक है।

**3**– निर्धारित तिथि के पश्चात प्राप्त होने वाले आवेदन स्वीकार नही किये जायेगें।

**4**– पंजीकरण हेतु आवेदन प्रपत्र **अधिशासी अभियन्ता, निर्माण एवं अनुरक्षण अनुभाग हेमवती नन्दन बहुगुणा गढ़वाल विश्वविद्यालय द्वितीय तल छात्र सुविधा केन्द्र समीप मुख्य गेट प्रशासनिक भवन श्रीनगर गढ़वाल** को पंजीकृत डाक से प्रेषित किये जायेंगे।

**5**– पंजीकरण **पाँच वित्तीय वर्षो** (01 अप्रैल 2022 से 31 मार्च 2027 तक) के लिए मान्य होगा तथा ठेकेदार की कार्य अकुशलता व प्रतिकूल कार्य व्यवहार के आधार पर यह पंजीकरण विश्वविद्यालय द्वारा किसी भी समय निरस्त किया जा सकता है।

**6**– विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित प्रपत्र पर प्रेषित **आवेदन के साथ निम्न पत्रजात व विवरण संलग्न किये जाने अनिवार्य हैं जिनके बिना विश्वविद्यालय में पंजीकरण हेतु विचार किया जाना सम्भव नहीं होगा।**

**(1)– उत्तराखण्ड लोक निर्माण विभाग या केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग में इस प्रकार के कार्यों हेतु ठेकेदार के रूप में पंजीकृत होने सम्बन्धी पत्रजात (सम्बन्धित विभाग–लो0नि0वि0 / के0लो0नि0वि0 में ठेकेदार की पंजीकरण की वैधता कम से कम जून 2022 या अधिक समयावधि के लिये होनी आवश्यक है, जून से पहले समाप्त हो रही वैधता को स्वीकार नही किया जा सकेगा)।**

**(2)– जी.एस.टी. कार्यालय, उत्तराखण्ड़ में पंजीकरण (GSTIN)।**

**(3)– आयकर सम्बन्धी पैन (PAN)नम्बर।**

**(4)**– आवेदन के साथ ***"ठेकेदार धरोहर धनराशि "*** के रूप में रू0 20000 / – (बीस हजार रूपये) मात्र धनराशि की एन.एस.सी. / किसी भी राष्ट्रीयकृत बैंक द्वारा जारी टी0डी0आर0 जो कि वित्त अधिकारी, हे.न.ब. गढ़वाल विश्वविद्यालय के नाम प्लेज्ड हो, संलग्न की जानी आवश्यक है। उक्त एन0एस0सी0 / टी0डी0आर0 सम्बन्धित ठेकेदार के विश्वविद्यालय में पंजीकरण अवधि (60 माह) व पंजीकरण प्रोसेसिंग अवधि (लगभग 04 माह) सहित **कुल 64 (चौसठ) माह की अवधि** के लिये बन्धक के रूप में जमा होगी जो कि ठेकेदार के विश्वविद्यालय में पंजीकरण अवधि समाप्त होने पर वापस कर दी जायेगी।

(5)– पंजीकरण शुल्क (नॉन रिफन्डडेबल) के रूप में रू0 5000/– (पांच हजार रूपये) मात्र का बैंक ड्राफ्ट जो किसी भी राष्ट्रीयकृत बैंक द्वारा जारी किया गया हो व जो कि वित अधिकारी, हे0न0ब0 गढ़वाल विश्वविद्यालय श्रीनगर गढ़वाल के नाम देय हो, आवेदन के साथ संलग्न किया जाना आवश्यक होगा।

(6)– जिलाधिकारी द्वारा प्रदत्त हैसियत एवं चरित्र प्रमाण–पत्र।

(7)– कार्यानुभव का विवरण– विगत, तीन वर्षों में जिन–जिन विभागों में सिविल/उद्यानिकी अनुरक्षण व लघु कार्य सम्बन्धी कार्य सम्पादित कराये गये हों, के विभागाध्यक्ष से संतोषजनक कार्य सम्पादन का प्रमाण–पत्र कार्यलागत उल्लेख सहित।

(8)– विगत वर्षों (01 अप्रैल 2014 से वर्तमान तक) कम से कम रू0 4.00 लाख मूल्य के 01 कार्य रू0 3.00 लाख के 02 कार्य या रू0 2.00 लाख के 03 कार्य को संतोषजनक रूप से सम्पादित करने का अनुभव प्रमाण–पत्र सम्बन्धित विभाग के विभागाध्यक्ष द्वारा प्रदत्त।

(9)– उत्तराखण्ड़ लोक निर्माण विभाग अथवा केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग अथवा विश्वविद्यालय के सम्बन्धित डिवीजन जिनमें ठेकेदारी हेतु पंजीकृत हों, के अधिशासी अभियन्ता द्वारा प्रदत्त कार्य, व्यवहार व चरित्र सम्बन्धी प्रमाण–पत्र।

**पंजीकरण के परिप्रेक्ष्य में आवश्यक दिशानिर्देश व शर्तें निम्नवत् हैं–**

(i)- सामान्यतः सम्बन्धित ठेकेदार का उत्तराखण्ड लोक निर्माण विभाग/केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग/विश्वविद्यालय में जिन कार्यों– भवन/सड़क/हार्टिकल्चर/अन्य हेतु पंजीकरण होगा उनका पंजीकरण विश्वविद्यालय में उन्हीं कार्यों हेतु किया जायेगा, तथापि कार्य हित में विश्वविद्यालय इस सन्दर्भ में आवश्यक निर्णय हेतु स्वतन्त्र होगा।

सामान्यतः विश्वविद्यालय कार्यों पर केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग द्वारा समय–समय पर निर्धारित विशिष्टियाँ, मानक, नियम व शर्तें प्रभावी होंगी।

(ii)- वि0 वि0 में विभिन्न सिविल अनुरक्षण तथा लघु कार्यों हेत पूर्व से पंजीकृत ठेकेदारों को भी निर्धारित प्रारूप पर आवेदन करना होगा तथा वांछित विवरण उपलब्ध होने के पश्चात ही विश्वविद्यालय द्वारा पंजीकरण किया जायेगा।

(iii)- समस्त विवरण निर्धारित प्रपत्र (संलग्नक–'अ') व शपथ पत्र संलग्नक 'ब' पर ही मान्य होगा जिसके साथ वाछित प्रपत्र संलग्न होने आवश्यक हैं। **इन प्रपत्रों को संलग्नकों सहित एक बड़े लिफाफे में सील्ड कर प्रभारी अधिशासी अभियन्ता, निर्माण एवं अनुरक्षण अनुभाग हेमवती नन्दन बहुगुणा गढ़वाल विश्वविद्यालय द्वितीय तल छात्र सुविधा केन्द्र समीप मुख्य गेट प्रशासनिक भवन श्रीनगर गढ़वाल को पंजीकृत डाक से प्रेषित किये जायेंगे। लिफाफे के ऊपर "सिविल अनुरक्षण तथा लघु कार्यों हेतु ठेकेदरों का पंजीकरण" आवश्यक रूप से अंकित किया जाय।**

(iv)- विस्तृत विवरण विश्वविद्यालय वेबसाइट–**www.hnbgu.ac.in** से डाउनलोड किया जा सकता है साथ ही किसी भी बिन्दु पर स्पष्टीकरण हेतु सम्बन्धित अधिशासी अभियन्ता कार्यालय में किसी भी कार्यदिवस में सम्पर्क किया जा सकता है।

(iv)- पंजीकरण के परिप्रेक्ष्य में विश्वविद्यालय को बिना कारण बताये एक या समस्त आवेदनों को निरस्त करने का पूर्ण अधिकार होगा।

**कुलसचिव,**
**हे0न0ब0 गढ़वाल विश्वविद्यालय।**
**दूरभाष सं0– 01346– 252143, 250115**

संग्लनक 'अ'

हेमवती नन्दन बहुगुणा गढ़वाल विश्वविद्यालय, श्रीनगर (गढ़वाल)

[सामान्य वित्तीय नियम– सीमित निविदा के अन्तर्गत विभिन्न सिविल अनुरक्षण, परिवर्तन/परिवर्धन, उद्यानिकी कियाकलापों इत्यादि कार्यो के सम्पादन हेतु विश्वविद्यालय में ठेकेदारों के पंजीयन एवं पूर्व में पंजीकृत ठेकेदारों का पंजीयन नवीनीकरण हेतु आवेदन का प्रपत्र]

1. ठेकेदार/फर्म का नाम (फर्म की स्थिति में–प्रोपराइटर के नाम सहित) –

2. पिता का नाम –

3. पंजीकृत पता –

4. पत्र व्यवहार का पता –

5. ई–मेल –

6. दूरभाष सं0/मोबाइल सं0 –

7. पेन सं0 [PAN] (छायाप्रति संलग्न करें) –

8. टिन सं0 [GSTIN] (छायाप्रति संलग्न करें) –

9. लो0नि0वि0 अथवा के0लो0नि0वि0 अथवा विश्वविद्यालय में ठेकेदार के रूप में पंजीकरण का विवरण/पंजीकरण संख्या (छायाप्रति संलग्न करें) –

   1) कार्य की प्रकृति जिस हेतु पंजीकरण किया गया हो। — (भवन/सड़क/हार्टिकल्चर/अन्य)

   2) किस सीमा तक के कार्यो के सम्पादन हेतु पंजीकृत है, का विवरण — रू0 (अंकों में)................रू0 (शब्दों में)...................

   3) पंजीकरण की वैद्यता की अवधि — (दि0 .................... से दि0 ................... तक)

10. विगत तीन वर्षों में सम्पन्न किये गये 05 प्रमुख (सिविल अनुरक्षण/निर्माण) कार्यों का विवरण (वांछित अभिलेखों की छायाप्रति भी संलग्न करें) –

| क्र.सं. | कार्य का नाम | विभाग का नाम, जिसके अन्तर्गत कार्य किया गया है, | कार्य लागत | स्थल | कार्य संतोषजनक रूप से सम्पन्न किये जाने सम्वंधी पत्र जो कि सम्बन्धित विभाग/क्लाईंट के विभागाध्यक्ष द्वारा दिया गया हो। |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | | | | |
| 2 | | | | | |
| 3 | | | | | |
| 4 | | | | | |
| 5 | | | | | |

1. लो0नि0वि0 / के0लो0नि0वि0 / विश्वविद्यालय, जिस विभाग में भी पंजीकृत हो, के अधिशासी अभियन्ता या उच्चतर अधिकारी द्वारा ठेकेदार के संदर्भ में कार्य, व्यवहार व चरित्र संबन्धी प्रमाण–पत्र की प्रति संलग्न करें –

2. यदि ठेकेदार / फर्म के साथ तकनीकी व्यक्ति सम्बद्ध हो तो उसका विवरण –

| तकनीकी व्यक्ति का नाम | तकनीकी योग्यता | दूरभाष संख्या / ई–मेल |
|---|---|---|
| | | |
| | | |
| | | |
| | | |

13. उपलब्ध मशीनरी का विवरण –........................................................................................................

14. यदि विश्वविद्यालय में आवेदनकर्ता ठेकेदार का कोई नजदीकी रिश्तेदार कार्यरत हो तो सम्बन्धित कर्मचारी का विवरण –

| कर्मचारी का नाम | पदनाम | परिसर का नाम (जिस में तैनात हैं।) | दूरभाष |
|---|---|---|---|
| | | | |
| | | | |
| | | | |

(विश्वविद्यालय में नजदीकी रेश्तेदार से तात्पर्य–विश्वविद्यालय मुख्यालय व परिसरों में तैनात पत्नी, पति, माता–पिता (Parents), पर–माता पिता (Grand Parents), बच्चे, पोता–पोती (Grand Children), भाई, बहन, चाचा, चाची, चचेरे–ममेरे–मौसेरे–फुफेरे भाई बहिन (Cousins), एवं ससुरालियों से है)।

15. पंजीयन हेतु वित्त अधिकारी हे0न0ब0 गढ़वाल विश्वविद्यालय के नाम जमा किए गये पंजीयन शुल्क (Non-refundable) रू0 5000=00 का विवरण –

1. ड्राफ्ट संख्या –
2. दिनांक –
3. राशि –
4. बैंक, जिसके द्वारा ड्राफ्ट जारी किया गया हो –

16. पंजीयन हेतु जमा किए गये ठेकेदार धरोहर शुल्क (refundable) रू0 20,000=00 मात्र का विवरण (एन0एस0सी0/ टी0डी0आर0 वित्त अधिकारी, हे0न0ब0ग0वि0वि0 के नाम न्यूनतम 64 माह के लिये बन्धक होगी)।

1. एन0 एस0 सी0/ टी0 डी0आर0 संख्या –
2. दिनांक –
3. राशि –
4. पोस्ट आफिस/ बैंक, जिसके द्वारा एन0एस0सी0/ टी0डी0आर0 जारी किया गया हो।

17. आवेदनकर्ता की पासपोर्ट साइज फोटोग्राफ्स –

(फर्म की स्थिति में प्रोपराईटर व साझेदारों की फोटो लगाये व उनका पूर्ण विवरण दें। प्रत्येक साझेदार की हिस्सेदारी (%) का भी उल्लेख करें)।

**आवेदक/फर्म का नाम हस्ताक्षर व मुहर सहित**

दिनांकः–

संलग्नक– 'ब'

## शपथ (रू0 सौ के नॉन ज्यूडिशियल पेपर पर)

मैं ........................................ पुत्र ................................ निवासी ..................................... घोषण करता हूँ कि मेरे द्वारा उपरोक्तानुसार संलग्गक–'अ' में दिये गये सभी विवरण सत्य हैं। मेरे विरुद्ध किसी न्यायालय में किसी प्रकार के आपराधिक कृत्य, गलत बयानी, गलत प्रस्तुतीकरण के लिये किसी प्रकार का वाद न तो लम्बित है तथा न ही दोष सिद्ध है। यदि मेरे द्वारा घोषित कोई सूचना असत्य पायी जाती है, तो, विभाग को अधिकार होगा कि वह किसी भी समय मेरा पंजीकरण निरस्त कर सकता है तथा मेरे विरुद्ध किसी सक्षम न्यायालय में कार्यवाही कर सकता है।

**2**– मैं कार्य निष्पादन के परिप्रेक्ष्य में राज्य सरकार/केन्द्र सरकार द्वारा प्रकाशित नियमों/अधिनियमों का अनुपालन सुनिश्चित करूँगा।

**3**– मैं यह भी शपथपूर्वक कथन करता हूँ कि विश्वविद्यालय में पंजीकरण होने के पश्चात विभिन्न विभागों/अनुभागों में कार्य निष्पादन के दौरान विश्वविद्यालय के सन्दर्भ में किसी गोपनीय जानकारी/अभिलेख को किसी भी दशा में सार्वजनिक नहीं करूँगा तथा कार्यों को गुणवत्ता के साथ सम्पन्न करूँगा।

**आवेदक/फर्म का नाम हस्ताक्षर व मुहर सहित**

दिनांकः–